## मास्टर परिपत्र

## आवास योजनाओं के लिए वित्त

### विषय वस्तु


| | | |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य ........................................................................ | 1 |
| 2 | उधारकर्ताओं की पात्र श्रेणी ................................................ | 1 |
| 3 | पात्र आवास योजनाएं ...................................................... | 2 |
| 4 | आवास ऋण की शर्तें ....................................................... | 2 |
| 4.1 | अधिकतम ऋण राशि और मार्जिन .......................................... | 2 |
| 4.2 | ब्याज ............................................................................ | 3 |
| 4.3 | दंडात्मक ब्याज लगाना ...................................................... | 3 |
| 4.4 | जमानत ......................................................................... | 3 |
| 4.5 | ऋण की अवधि ................................................................ | 4 |
| 4.6 | प्रगामी किस्तें .................................................................. | 4 |
| 4.7 | आवास ऋण ा संपूर्ण सीमा | 4 |
| 5 | अतिरिक्त / अनुपूरक वित्त.................................................. | 5 |
| 6 | हाउसिंग बेर्डों को उधार ................................................... | 5 |
| 7 | भवन- निर्माताओं / ठेकेदारों को अग्रिम................................... | 6 |
| 8 | प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत आवास ऋण ............................ | 7 |
| 9 | सावधानियां | 7 |
| 10 | राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता | 7 |
| • | अनुबंध I | 10 |
| • | अनुबंध II | 16 |
| • | परिशिष्ट | 18 |

### 4.6 प्रगामी किस्तें

(i) किस्तें उधारकर्ता की चुकौती क्षमता को ध्यान में रखकर वास्तविक आधार पर तय की जानी चाहिए।

(ii) आवास वित्त को वहन करने योग्य बनाने के लिए, यदि आनेवाले वर्षों में उधारकर्ता की आय में यथोचित वृद्धि होने के आसार हों तो, बैंक प्रगामी आधार पर किस्तें तय कर सकते हैं। प्रगामी आधार का मतलब है आरंभ के वर्षों में चुकौती की न्यूनतम किस्तें तय करना और आगामी वर्षों में आय की प्रत्याशित वृद्धि से तालमेल रखते हुए आगामी वर्षों की किस्तों में वृध्दि करना।

### 4.7 आवास वित्त के लिए संपूर्ण सीमा

4.7.1 15 नवंबर 2010 से शहरी सहकारी बैंकों का आवास ऋण, स्थावर संपदा तथा वाणिज्यिक स्थावर संपदा ऋण के लिए एक्सपोजर उनकी जमाराशियों के 15 % के स्थान पर उनकी समग्र आस्तियों के 10 % तक सीमित रहेगा ।

4.7.2 उपर्युक्त समग्र आस्तियों के 10 प्रतिशत की सीमा 10 लाख रुपए की लागतवाले आवास इकाइयों की खरीद तथा निर्माण के लिए व्यकतिगत आवास ऋण हेतु समग्र आस्तियो के अतिरिक्त 5 प्रतिशत तक बढायी जा सकती है।(11 मई 2011 के परिपत्र शबैंवि. बीपीडी(पीसीबी). परि.सं. 47/ 13.05.000/ 2010-11 के अनुसार 15 लाख रुपये के आवास ऋण तक)

4.7.3 समग्र आस्तियों की गणना पिछले वर्ष की 31 मार्च के लेखपरीक्षीत तुलन पत्र के आधार पर की जाए। समग्र आस्तियों की गणना करने के लिए, हानि, अमूर्त आस्तियां, प्राप्य बिल जैसी मदे आदि शामिल नकरे।

4.7.4 एक्सपोजर में निधि और गैर निधि आधारित सुविधाएं शामिल होनी चाहिए।

4.7.5 इस परिपत्र के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार बिना अग्रिम लिए अपेक्षाकृत छोटे निर्माण कार्य करनेवाले ठेकेदारों को उनकी निर्माण सामग्री की जमानत पर दिए गए कार्यशील पूंजी ऋण निर्धारित सीमा में शामिल नहे है ।

4.7.6 उपर्युक्त पैरा 2 में उल्लिखित पात्र उधारकर्ताओं के संवर्ग को दी गयी वित्तीय सहायता को आवास वित्त के रूप में तभी वर्गीकृत किया जाएगा जब ऋण का उद्देश्य यह निर्धारित करेगा कि अचल संपत्ति की जमानत पर दिया गया ऋण स्थावर संपदा ऋण के रूप में वर्गीकृत करना आवश्यक है, उसी प्रकार चुकौती के स्रोत से यह निर्धारित किया जाएगा कि क्या एक्सपोजर वाणिज्यिक स्थावर संपदा एक्सपोजर है। इस प्रकार के ऋणों का स्थावर संपदा/ वाणिज्यिक स्थावर संपदा ऋण के रूप में वर्गीकृत करने के लिए अनुबंध 1 में निहित अनुदेशों के अनुसार शहरी सहकारी बैंकों का मार्गदर्शन करें ।

4.7.7 शहरी सहकारी बैंकों को पहले हायर फिनांसिंग एजंसी से प्राप्त निधि तथा राष्ट्रीय आवास बैंक से प्राप्त पुनर्वित्त की सीमा तक आवास, स्थावर संपदा, वाणिज्यिक स्थावर संपदा को ऋण प्रदान करने के लिए निर्धारित सीमा से अधिक ऋण देने के लिए अनुमति दी गयी थी। 11 मई 2011 के परिपत्र शबैंवि,बीपीडी.(पीसीबी)परि. सं. 47/13.05.000/2010-11 के अनुसार यह अनुमति वापस ली गयी है।

## 5. अतिरिक्त /अनुपूरक वित्त

5.1 शहरी सहकारी बैंक उधारकर्ता की चुकौती क्षमता को देखते हुए पहले से वित्तपोषित मकानों / फ्लैटों में फेरबदल करने, परिवर्धन करने, मरम्मत करने के लिए अतिरिक्त वित्त प्रदान कर सकते हैं।

